(b) The target has yet to be finalised.

Export of buffalo meat to United Arab Emirates

1009. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that UAE markets have in the recent past boycotted the Indian buffalo meat resulting in foreign exchange loss to the country;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government have taken or propose to take in the matter?

THE MINISTER OF COMMERCE AND TOURISM (SHRI ARUN KUMAR NEHRU): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

उपज प्राप्ति के बाद सुविधाओं के अभाव में फल और सब्जियों का सड़ जाना

1010. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उपज प्राप्ति के बाद की सुविधाओं के अभाव में फलों और सब्जियों के कुल उत्पादन का कितने प्रतिशत भाग सड़ जाता है या बेकार चला जाता है ;

(ख) सरकार किसानों को उपज प्राप्ति के बाद की कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है ताकि उन्हें अपनी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके ; और

(ग) फल और सब्जी प्रसंस्करण उद्योगों की प्रोन्नति और विकास के लिए तैयार किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव): (क) यद्यपि कोई अधिकृत सूचना उपलब्ध नहीं है; यह अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक वर्ष कटाई उपरान्त अपर्याप्त हैंडलिंग सुविधाओं तथा उत्पादकों का प्रसंस्करण-कर्त्ताओं तथा ताजे फल और सब्जियों के बाजार के साथ संयोजन न होने के कारण प्रत्येक वर्ष 3,000 करोड़ रुपये के मूल्य के फल और सब्जियां बर्बाद हो जाती है।

(ख) और (ग) संसाधित खाद्य उद्योग की संवृद्धि और विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 1990-91 के लिए अनेक विकासात्मक योजना स्कीमें तैयार की हैं। फल तथा सब्जी प्रसंस्करण क्षेत्र मे ये स्कीमें शामिल की गई हैं :— उत्पादकों और प्रसंस्करणकर्ताओं के बीच संयोजन को सुदृढ़ बनाना, गुण नियंत्रण को सुदृढ़ करना, विस्तार और शिक्षा बुनियादों सुविधाओं का विकास करना नए प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना तथा विद्यमान प्रसंस्करण यूनिटों को सुदृढ़ करने के लिये राज्य सरकार के उपक्रमों और सहकारी उपक्रमों को वित्तीय सहायता देना। ये स्कीमें फल तथा सब्जी उत्पादकों की आमदनी बढ़ाने के लिए बनाई गई है।

कृषि विभाग के अधीन राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की बागवानी फसलों की कटाई के बाद की व्यवस्था से संबंधित एक स्कीम भी है।

कुल उत्पादन-लागत में से पैकिंग सामग्री पर आने वाली लागत

1011. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तिमरूप से प्रसंस्कृत खाद्य-पदार्थों की कुल उत्पादन लागत में से पैकिंग सामग्री पर कितनी लागत आती है ; और

(ख) पैकिंग पर आने वाली लागत में कमी करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ताकि खाद्य-प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा सके ?